फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री गिरीश मेहता, 34 सूर्योदय हाउस, अश्विनी मार्केट, उदयपुर — अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, राजसमंद — प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा—अपील सूचना का अधिकार, 2005 पत्रावली संख्या 45/2022

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 12.09.2022 पत्रावली पेश हुई । अपीलांट अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी, राजसमंद से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी, राजसमंद वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया । लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, राजसमंद द्वारा जरिये क्रमांकः सू.अ.,2005/2022/1199 दिनांक 22.08.2022 से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अर्पीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, राजसमंद द्वारा इस न्यायालय को भिजवाई जाकर प्रतिलिपि अपीलार्थी को भी पंजीकृत डाक से भिजवाई गई है। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी, राजसमंद की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी, राजसमंद की रिपोर्ट अनुसार अपीलांट द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, राजसमंद द्वारा इस न्यायालय को भिजवाते हुए प्रतिलिपि अपीलार्थी को भी पंजीकृत डाक से भिजवादी जाने से उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी, राजसमंद को भिजवायी जावे। लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)